सेट/SET: 1

# केंद्रीय विद्यालय संगठन ,जयपुर संभाग

## KENDRIYA VIDYALAYA SANGATHAN ,JAIPUR REGION

**प्रथम प्री बोर्ड परीक्षा/ 1ST PRE BOARD EXAMINATION :2024-25**

**कक्षा/CLASS: दसवीं/10th**

**विषय/SUB: हिंदी/Hindi (कोड/CODE:002)**

**अधिकतम अवधि / Time Allowed: 3 Hours अधिकतम अंक / Maximum Marks: 80**

**उत्तर-माला**

सामान्य निर्देश / General Instructions:

1. अंक योजना का उद्देश्य मूल्यांकन को अधिकाधिक वस्तुनिष्ठ बनाना है ।
2. प्रश्न पत्र में बहुविकल्पीय एवं वर्णनात्मक प्रश्न हैं ।
3. अंक योजना में दिए गए वर्णनात्मक प्रश्नों के उत्तर बिंदु अंतिम नहीं है। यह सुझावात्मक एवं सांकेतिक है।
4. यदि परीक्षार्थी इन उत्तर बिंदुओं से भिन्न, किंतु उपयुक्त उत्तर दें तो उसे उपयुक्त अंक दिए जाएँ।
5. मूल्यांकन-कार्य अपने निजी व्याख्या के अनुसार नहीं, बल्कि अंक योजना में निर्दिष्ट निर्देशानुसार ही किया जाए ।
6. एक ही प्रकार की अशुद्धि पर अंक न काटा जाए।
7. मूल्यांकन में संपूर्ण अंक पैमाने - 0 से 80 का प्रयोग अभीष्ट है।

| प्रश्न संख्या | **खंड – क (अपठित बोध )** | अंक 14 |
|---|---|---|
| 1. | निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : | 7 |
| (क) | (iii) बाल श्रम को समाप्त करना केवल सरकार का दायित्व है। | 1 |
| (ख) | (ii) कथन (A) और कारण (R) दोनों ही गलत हैं। | 1 |
| (ग) | (iii) केवल कथन 2 सही है । | 1 |
| (घ) | “वह काम जो बच्चों को उनके बचपन, उनकी क्षमता और उनकी गरिमा से वंचित करता है और जो शारीरिक और मानसिक विकास के लिए हानिकारक है।" | 2 |
| (ङ) | बच्चे देश का भविष्य है \| जिस उम्र में बच्चों को सही शिक्षा मिलनी चाहिए, खेलकूद के माध्यम से अपने मस्तिष्क का विकास करना चाहिए उस उम्र में बच्चों में काम करवाने से बच्चों का शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक और सामाजिक विकास रुक जाता है। शिक्षा से किसी भी बच्चे को वंचित रखना अपराध माना जाता है \| | 2 |
| 2. | निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए | 7 |

| | | |
|---|---|---|
| (क) | (iii) केवल 3 और 4 सही है । | 1 |
| (ख) | ii) कर्म का | 1 |
| (ग) | iv) कथन (A) सही है तथा कारण (R) कथन A की सही व्याख्या नहीं करता है \| | 1 |
| (घ) | आज देश को कर्मठ वीर जवानों की जरूरत है जो देश का उत्थान कर सकें \| देश को कर्मठ किसानों की जरूरत है जो देश को हरा-भरा व सम्पन्न बना सकें \| देश को कुशल व कुशाग्र बुद्धि वाले लोगों की जरूरत है जो देश के गौरव को बढ़ा सकें \| | 2 |
| (ङ) | कविता के माध्यम से देश के वीर जवानों, बुद्धिजीवियों व किसानों को अपने कर्म के लिए प्रेरित किया गया है। उनके सत्कार्यों के परिणामस्वरूप ही धरती पर खुशहाली आएगी और देश प्रगति की ओर अग्रसर हो सकेगा। | 2 |
| | **खंड- ख (व्यावहारिक व्याकरण)** | 16 |
| 3. | निर्देशानुसार रचना के आधार पर वाक्य भेद पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए : | 4x1=4 |
| (क) | संज्ञा आश्रित उपवाक्य | 1 |
| (ख) | मिश्र वाक्य | 1 |
| (ग) | सरल वाक्य -कल नहीं आने वाले छात्र खड़े हो जाएँ \| | 1 |
| (घ) | संयुक्त वाक्य | 1 |
| (ङ) | जब सुबह हुई तब पक्षी चहचहाने लगे \| | 1 |
| 4. | निर्देशानुसार वाच्य पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए : | 4x1=4 |
| (क) | लड़कों ने अपना कमरा साफ किया \| | 1 |
| (ख) | भाववाच्य में क्रिया हमेशा अकर्मक रहती है \| | 1 |
| (ग) | शीला अग्रवाल की जोशीली बातों द्वारा रगों में बहते हुए खून को लावे में बदल दिया गया था \| | 1 |
| (घ) | कर्तृवाच्य | 1 |
| (ङ) | बिना सहारे दादाजी से अब चला नहीं जाता \| | 1 |
| 5. | किन्हीं चार प्रश्नों के रखांकित पदों का पद-परिचय लिखिए : | 4x1=4 |
| (क) | अधिकतर =भेद – अनिश्चित संख्यावाचक विशेषण, वचन – बहुवचन, लिंग- स्त्रीलिंग, विशेष्य – दुकानें। | 1 |
| (ख) | हम = भेद – पुरूषवाचक सर्वनाम, वचन – बहुवचन, लिंग- पुल्लिंग/स्त्रीलिंग, जा रहें हैं क्रिया का कर्ता कारक। | 1 |
| (ग) | गीता = भेद – व्यक्तिवाचक संज्ञा, वचन- एकवचन, लिंग- स्त्रीलिंग, पढ़ता है क्रिया का कर्म कारक। | 1 |
| (घ) | वाह= विस्मयादिबोधक अव्यय, हर्ष सूचक। | 1 |
| (ङ) | हमेशा = भेद – कालवाचक क्रियाविशेषण, क्रिया के समय को प्रकट किया जा रहा है। | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| 6. | किन्हीं चार प्रश्नों के रखांकित काव्य पंक्तियों में अलंकार पहचान कर लिखिए : | 4x1=4 |
| (क) | मानवीकरण अलंकार | 1 |
| (ख) | उपमा अलंकार | 1 |
| (ग) | रूपक अलंकार | 1 |
| (घ) | अतिशयोक्ति अलंकार | 1 |
| (ङ) | उत्प्रेक्षा अलंकार | 1 |
| | **<u>खंड – ग </u>(पाठ्यपुस्तक एवं पूरक पाठ्यपुस्तक पर आधारित )** | 30 |
| 7. | निम्नलिखित पठित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : | 5x1=5 |
| (क) | ii) पुत्र ने परमात्मा को प्राप्त कर लिया है | 1 |
| (ख) | ii) पुत्र की मृत्यु पर गा रहा है | | 1 |
| (ग) | i) आत्मा | 1 |
| (घ) | iii) कथन (A) सही है तथा कारण (R) कथन की सही व्याख्या करता है | | 1 |
| (ङ) | iv) आत्मा जाकर परमात्मा से मिलती है | | 1 |
| 8. | गद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर 25-30 शब्दों में लिखिए : | 3x2=6 |
| (क) | शहनाई ऐसा वाद्य है जिसे हर मांगलिक अवसरों पर बजाया जाता है। उसकी मधुर ध्वनि मांगलिक अवसरों पर खुशियों में चार चाँद लगा देती है । उस्ताद बिस्मिल्ला खाँ शहनाई वादन के क्षेत्र में अद्वितीय स्थान रखते है। वे हर पल सच्चे सुर की तलाश में घंटो रियाज किया करते थे। उनके सुरों में ऐसा जादू था कि सुनने वाले अलग ही दुनिया में खो जाया करते थे। अतः बिस्मिल्ला खाँ को शहनाई की मंगलध्वनी का नायक भी कहा जाता है। | 2 |
| (ख) | अपने इस कथन के द्वारा लेखक ने नई कहानी के दौर के लेखकों पर व्यंग किया है। किसी भी कहानी की रचना उसके आवश्यक तत्वों - कथावस्तु, घटना, पात्र आदि के बिना संभव नहीं होती। घटना तथा कथावस्तु कहानी को आगे बढ़ाते हैं, पात्रों द्वारा संवाद कहे जाते हैं। ये कहानी के लिए आवश्यक तत्व हैं। | 2 |
| (ग) | कैप्टन चश्में बैचने वाला एक सच्चा देशभक्त व्यक्ति था। उसकी अपनी कोई दुकान नहीं थी। वह फेरी लगाकर चश्मे बेचने का कार्य करता था। उसे इस बात से बहुत दुख होता था कि कस्बे के चौराहे पर लगी नेताजी सुभाषचंद्र बोस की मूर्ति बिना चश्मे की थी. चश्मा नेताजी की पहचान है। अतः वह अपनी चश्मे की पेटी से एक चश्मा नेताजी की मूर्ति पर लगा दिया करता था। | 2 |
| (घ) | न्यूटन ने अपने विवेक, प्रेरणा एवं योग्यता के बल पर गुरुत्वाकर्षण बल के सिद्धान्त की खोज की थी। अतः न्यूटन एक संस्कृत मानव था। आज भौतिक विषय के विद्यार्थी के पास गुरुत्वाकर्षण सिद्धान्त के विषय पर अधिक जानकारी होगी लेकिन वह न्यूटन के द्वारा की जानकारी को ही आगे बढ़ा रहा है। अतः आज का विद्यार्थी न्यूटन से अधिक सभ्य हो सकता है लेकिन संस्कृत नहीं। | 2 |
| 9. | पठित काव्यांश पर आधारित प्रश्नों के उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : | 5x1=5 |
| (क) | iii) बच्चे का मुख नन्हें-नन्हें नए दाँतों से सुशोभित हो रहे है | 1 |
| (ख) | iv) (क) एवं (ख) दोनों सही है | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| (ग) | iv) विकल्प i , ii , iii सही है \| | 1 |
| (घ) | i) बच्चे के लिए | 1 |
| (ङ) | iii) वात्सल्य | 1 |
| 10. | कविताओं के आधार पर किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए : | 3x2=6 |
| (क) | कृष्ण के प्रति अपने अनन्य प्रेम को गोपियों ने निम्नलिखित उदाहरणों द्वारा व्यक्त किया है -<br>(1) उन्होंने स्वयं की तुलना चींटियों से और श्री कृष्ण की तुलना गुड़ से की है। उनके अनुसार श्री कृष्ण उस गुड़ की भाँति हैं जिस पर चींटियाँ चिपकी रहती हैं। (2) उन्होंने स्वयं को हारिल पक्षी व श्री कृष्ण को लकड़ी की भाँति बताया है, जिस तरह हारिल पक्षी लकड़ी को नहीं छोड़ता उसी तरह उन्होंने मन, क्रम, वचन से श्री कृष्ण की प्रेम रुपी लकड़ी को दृढ़तापूर्वक पकड़ लिया है। (3) वह श्री कृष्ण के प्रेम में रात-दिन, सोते-जागते सिर्फ़ श्री कृष्ण का नाम ही रटती रहती है। | 2 |
| (ख) | लक्ष्मण ने वीर योद्धा की निम्नलिखित विशेषताएँ बताई है -<br>(1) वीर पुरुष स्वयं अपनी वीरता का बखान नहीं करते अपितु वीरता पूर्ण कार्य से स्वयं वीरता प्रकट करते है \| (2) वीर पुरुष स्वयं पर कभी अभिमान नहीं करते। वीरता का व्रत धारण करने वाले वीर पुरुष धैर्यवान और क्षोभरहित होते हैं। (3) वीर पुरुष किसी के विरुद्ध गलत शब्दों का प्रयोग नहीं करते अर्थात् दूसरों को सदैव समान रुप से आदर व सम्मान देते है। | 2 |
| (ग) | कई बार सुखी जीवन की स्मृतियाँ मनुष्य के लिए उस समय सहारा बन जाती हैं, जब वह दुखी होता है\| आज कवि अपनी प्रिय की उन यादों का सहारा लेकर अपने जीवन के रास्ते की थकान दूर करता है\| कवि उन मधुर क्षणों की स्मृतियों को किसी के साथ बाँटना नहीं चाहता \| थके हुए यात्री की भाँति कवि अपना शेष जीवन अपनी पत्नी की यादों के सहारे बिताना चाहता है \| | 2 |
| (घ) | संगतकार जैसे व्यक्ति संगीत के अतिरिक्त नाटक, फिल्म, नृत्य, राजनीति, समाज, शिक्षा जगत इत्यादि क्षेत्रों में दिखाई देते हैं \| फिल्मों में मुख्य कलाकारों को आगे बढ़ाने में अन्य सहायक कलाकारों का योगदान होता है \| राजनीति क्षेत्र में राजनेता को आगे बढ़ाने में राजनैतिक कार्य-कर्ताओं का योगदान होता हैं \| शिक्षा या समाज हर क्षेत्र में व्यक्ति की सफलता के पीछे संगतकार रूपी सहायक का योगदान रहता है \| | 2 |
| 11. | पूरक पाठ्यपुस्तक के निर्धारित पाठों से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर 50-60 शब्दों में लिखिए : | 2x4=8 |
| (क) | देश की सीमाओं पर बैठे फौजी उन सभी विषमताओं में जूझते हैं जो सामान्य जन जीवन के लिए अति-कठिन है\| कड़कड़ाती ठंड जहाँ तापमान माइनस में चला जाता है, जहाँ पेट्रोल को छोड़ सब कुछ जम जाता है, वहाँ भी फौजी जवान तैनात रहते हैं और देश की सीमा पर देश की रक्षा करते है। इसी तरह वे शरीर को तपा देने वाली गर्मियों के दिनों में रेगिस्तान में रहते हुए अनेक विषमताओं से जूझते हुए कठिनाइयों का सामना करते हैं।<br>उनके प्रति हमारा दायित्व है कि हम उनका विशेष सम्मान करें, उन्हें देश की प्रतिष्ठा और गौरव को अक्षुण्ण रखने वाले महारथी के रूप में आदर दें। उनके और उनके परिवारों के प्रति सम्माननीय भाव तथा आत्मीय संबंध बनाए रखें। | 4 |
| (ख) | लेखक हिरोशिमा के बम विस्फोट के परिणामों को अखबारों में पढ़ चुका था। जापान जाकर उसने हिरोशिमा के अस्पतालों में आहत लोगों को भी देखा था। अणु-बम के प्रभाव को प्रत्यक्ष देखा था, और देखकर भी अनुभूति न हुई इसलिए भोक्ता नहीं बन सका। फिर एक दिन वहीं सड़क पर घूमते हुए एक | 4 |

| | | |
|---|---|---|
| | जले हुए पत्थर पर एक लंबी उजली छाया देखी। उसे देखकर विज्ञान का छात्र रहा लेखक सोचने लगा कि विस्फोट के समय कोई वहाँ खड़ा रहा होगा और विस्फोट से बिखरे हुए रेडियोधर्मी पदार्थ की किरणें उसमें रुद्ध हो गई होंगी और जो आसपास से आगे बढ़ गईं पत्थर को झुलसा दिया, अवरुद्ध किरणों ने आदमी को भाप बनाकर उड़ा दिया होगा। इस प्रकार समूची ट्रेजडी जैसे पत्थर पर लिखी गई है। इस प्रकार लेखक हिरोशिमा के विस्फोट का भोक्ता बन गया। | |
| (ग) | भोलानाथ बचपन में अपने साथियों के साथ घर के बाहर मिट्टी में खेला करते थे जैसे - तरह-तरह के नाटक, मिठाई की दुकान, घर-घर, बारात निकालना, खेती करना आदि खेल बड़े ही मनोरंजक अंदाज में खेला करते थे कि राहगीर भी ठिठककर उनके खेलों का आनंद लिया करते थे \| आज माता-पिता बच्चों का विशेष ध्यान रखते है \| वे बच्चों को अधिक देर तक खेलने या घूमने की अनुमति नहीं देते है \| फिर भी हम क्रिकेट, कबड्डी, खो-खो, वॉलीबॉल, बेडमिंटन, आदि स्वास्थ्यवर्धक खेल खेलते है \| हम इन खेलों को अपने खेल कोच सर के दिशानिर्देश में अपने मित्रों के साथ खेलना पसंद करेंगे \| इन खेलों को खेलने से सामाजिक भावना का विकास होगा तथा मित्रता का दायरा भी बढ़ेगा \| | 4 |
| | **खंड – घ (रचनात्मक लेखन )** | 20 |
| 12. | अनुच्छेद लेखन :-<br>• भूमिका = 1 अंक<br>• विषयवस्तु = 3 अंक<br>• निष्कर्ष = 1 अंक<br>• भाषा शुद्धता = 1 अंक | 1x6=6 |
| 13. | पत्र लेखन –<br>• प्रारूप = 1 अंक<br>• विषयवस्तु = 3 अंक<br>• भाषा-शुद्धता = 1 अंक | 1x5=5 |
| 14. | स्ववृत्त लेखन/ई-मेल लेखन : -<br>• प्रारूप = 1 अंक<br>• विषयवस्तु = 3 अंक<br>• भाषा शुद्धता =1 अंक | 1x5=5 |
| 15. | विज्ञापन लेखन/संदेश लेखन –<br>• रचनात्मकता + प्रस्तुति = 1 अंक<br>• विषयवस्तु = 2 अंक<br>• भाषा-शुद्धता = 1 अंक | 1x4=4 |